तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 व्यक्ति को अपने विचारों व मानसिकता का मूल्यांकन करना ...


10 जिले का एक ऐसा 30 बिस्तर अस्पताल...


## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत अध्यक्ष टेकाम ने किया विभागों का बंटवारा

**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने सोमवार को प्रेसिडेंट इन काउंसिल, विभागीय प्रभारी, सदस्य एवं सलाहकार समिति का गठन किया। इसके अनुसार शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग की प्रभारी नेहा उपाध्याय को दी गई, जबकि सदस्य शिवानी भंसाली व बीरसिंग को बनाया गया है। इसी तरह आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण एवं सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी ममता यादव तथा सदस्य रेवती कोलियारे व ममता शर्मा को बनाया गया है। वहीं, खाद्य नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य तथा चिकित्सा विभाग प्रभारी सूर्यकला ठाकुर, सदस्य रेवती कोलियारे व अशोक उईके को बनाया गया है। इसी तरह राजस्व एवं बाजार विभाग प्रभारी सुभद्रा टाण्डेकर तथा सदस्य बीरसिंह व ममता शर्मा बनाए गए हैं। इसके अलावा पुनर्वास नियोजन विधि तथा जल कार्य विभाग प्रभारी शोभा सिंह ठाकुर को व सदस्य शिवानी भंसाली व गायत्री देवांगन को प्रभारी एवं सदस्य गठित किया गया है। विभाग प्रभारी प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल के सदस्य हैं।

### जनपद मुख्यालय में पंचायत सचिवों की हड़ताल आज से

**गुरूर।** पंचायत सचिव संघ 18 मार्च से जनपद मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ करेंगे। संघ ने 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने की चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री के नाम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद पंचायत गुरूर के पंचायत सचिव प्रांतीय आव्हान पर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। बताया गया है कि प्रदेश पंचायत सचिव संघ द्वारा 10 मार्च 2025 को धर्मनगरी कवर्धा में बैठक कर 17 मार्च को प्रदेश के समस्त सचिवों द्वारा विधानसभा घेराव एवं 18 मार्च 2025 से ब्लाक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल तथा 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने का निर्णय लिया गया।

### पं नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 30 को

**बालोद।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जिला स्तर पर चयन परीक्षा 30 मार्च को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग संजय चंदेल ने बताया कि शिक्षा सत्र वर्ष 2025-26 अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए पूर्व तिथि 23 मार्च निर्धारित की गई थी। जिसे संशोधित करते हुए अब 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिले के शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अपना प्रवेश पत्र संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त कर परीक्षा में शामिल होने को कहा है।

**परीक्षा : जिले में 858 केंद्रों में शुरू हुई परीक्षा, कलेक्टर ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण**

# कक्षा 5वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा शुरू, पहले दिन 15,283 विद्यार्थियों ने हल किया गणित का पर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कक्षा 5वीं की केन्द्रीकृत परीक्षा 17 मार्च से शुरू हो गई हैं। पहले दिन गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा 858 परीक्षा केन्द्रों में सुचारू रूप से संपन्न हुई। आयोजित परीक्षा में कुल पंजीकृत 15,750 विद्यार्थियों में से 15,283 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 437 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की निष्पक्षता एवं सुचारू संचालन हेतु जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा गठित निरीक्षण दलों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। इस बीच, परीक्षा के पहले ही दिन जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक शाला परपोड़ी के प्रधानपाठक को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है।

बता दें कि परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला देवकर एवं शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मोहभट्टा रोड, बेमेतरा का निरीक्षण किया गया। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने शासकीय प्राथमिक शाला नांदघाट और शासकीय प्राथमिक शाला झाल का जायजा लिया। इसी क्रम में एसपी कोशले, प्राचार्य ने सीबीएसई शासकीय प्राथमिक शाला बेमेतरा का निरीक्षण किया। परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान नकल या अन्य किसी भी प्रकार की अनुचित घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सोमवार को कक्षा 10 वीं बोर्ड की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा भी शांति पूर्वक सम्पन्न हुई।



### डीईओ ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**बेमेतरा।** पूरे जिले में सोमवार से कक्षा पांचवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा प्रारंभ हुई। जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर कमल कपूर बंजारे ने सबसे पहले शासकीय प्राथमिक शाला काँपा का निरीक्षण किया। जहां कक्षा पांचवी की परीक्षा में 23 बच्चे दर्ज हैं, उनमें से 22 बच्चे परीक्षा में बैठे थे। जबकि 1 बच्चा अनुपस्थित रहा। इस विद्यालय में परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से चल रही थी। उसके पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला सेजेस मारो का निरीक्षण किया। जहां दर्ज 45 में पूरे 45 बच्चे उपस्थित रहे। उसके बाद शासकीय प्राथमिक शाला मारो का भी आकस्मिक निरीक्षण किया, जहां 51 में से 41 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 10 बच्चे अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने केंद्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बीच डीईओ डॉ बंजारे ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मारो में आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा का भी निरीक्षण किया। वहां 160 में से 154 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 6 अनुपस्थित थे। इसी तरह उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेड़ा व संबलपुर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित पाई गई। नकल का कोई भी प्रकरण नहीं पाया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों में जिला शिक्षा ▶▶ शेष पेज 11 पर

### पहले ही दिन बड़ी कार्रवाई, डीईओ ने केंद्राध्यक्ष को किया निलंबित

**बेमेतरा।** जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक शाला परपोड़ी के प्रधान पाठक त्रिलोचन दिवाकर को परीक्षा में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। श्री दिवाकर को शासकीय प्राथमिक शाला बगडुमार में आयोजित कक्षा 5वीं की केंद्रीकृत परीक्षा के लिए केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सोमवार को गणित विषय की परीक्षा के दिन वे बिना किसी पूर्व सूचना के परीक्षा केंद्र से अनुपस्थित रहे। संकुल प्राचार्य और संकुल समन्वयक परपोड़ी द्वारा कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल बंद पाया गया। इसके बाद परीक्षा संचालन के लिए संकुल प्राचार्य अजय सिंह ठाकुर को अस्थायी केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी साजा ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की है। जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य से बिना सूचना अनुपस्थित रहना उनके पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता और स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1), (2), (3) का उल्लंघन करता है। इस अनुशासनहीनता के कारण त्रिलोचन दिवाकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेरला निर्धारित किया गया है। इस दौरान वे नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता के पात्र होंगे।

### कक्षा 8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षाएं आज से, जिले में बनाए गए 465 परीक्षा केंद्र

**बेमेतरा।** इस वर्ष से जिले में कक्षा आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा आज 18 मार्च से प्रारंभ हो रही है। इसके लिए पूरे जिले में 465 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 तक है।

■ आज गणित विषय के साथ होगी शुरुआत

पहले दिन 18 मार्च को गणित की परीक्षा होगी। वहीं, 22 मार्च को हिंदी, 26 को अंग्रेजी, 29 मार्च को सामाजिक विज्ञान तथा 01 अप्रैल को विज्ञान और 03 अप्रैल को संस्कृत तथा उर्दू की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले स्तर पर समय सारिणी प्रसारित कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 8वीं की परीक्षा के लिए बेमेतरा विकासखंड में शासकीय विद्यालयों में परीक्षा केंद्र की संख्या 98, निजी विद्यालय में 14, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में 3 परीक्षा केंद्र, तथा सीबीएसई के 1 परीक्षा केंद्र अभ्यास शाला बेमेतरा को बनाया गया है। इसी तरह से बेरला विकासखंड में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 86, निजी विद्यालय में 13, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में 5 और सीबीएसई ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जिले में 16157 परीक्षार्थी शामिल होंगे शामिल

कक्षा 8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा में जिले में 16157 परीक्षार्थी शामिल होंगे। मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा विकासखंड में 4477 परीक्षार्थी, बेरला विकासखंड में 3540 परीक्षार्थी, साजा विकासखंड में 3762 परीक्षार्थी और नवागढ़ विकासखंड में 4378 परीक्षार्थी इस वर्ष परीक्षा में बैठेंगे। इस प्रकार पूरे जिले में 16157 परीक्षार्थी इस वर्ष कक्षा आठवीं की परीक्षा में बैठ रहे है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के 167 संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं 167 संकुल प्राचार्यों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश पहले ही दे दिए गए हैं। इस केंद्रीयकृत परीक्षा का संपूर्ण जवाबदेही और संचालन करने तथा मूल्यांकन करने का पूरा उत्तरदायित्व संकुल प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक को दे दिया गया है। संकुल प्राचार्य को संकुल परीक्षा नोडल अधिकारी बनाया गया है। संकुल शैक्षिक समन्वयक को सहायक परीक्षा नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिन पर परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालन ▶▶ शेष पेज 11 पर

# पीड़ितों को सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराएं : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत दर्ज एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत पंजीकृत प्रकरणों को सक्षम अधिकारी द्वारा शीघ्र जांच कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए एवं साथ ही संबंधित पीड़ित व्यक्तियो को राहत एवं पुनर्वास अंतर्गत सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में आदिमजाति विकास विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अनुसूचित जाति के 34 प्रकरण आए थे । जिसमें 27 अनुसूचित जाति से और 7 अनुसूचित जनजाति से थे। 32 प्रकरणों में भुगतान हो गया है। दो प्रकरण प्रक्रियाधीन है ।कलेक्टर शर्मा ने सभी प्रकरणों को जल्द से जल्द से निराकरण का निर्देश दिया। बैठक में आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास विभाग के सहायक संचालक अभिषेक जायसवाल द्वारा वर्षवार दर्ज प्रकरण की जानकारी दी गई। इसके तहत स्वीकृत अस्वीकृत प्रकरण की जानकारी, प्राप्त अंतर्जातीय ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ कलेक्टर ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण समिति की बैठक में दिए निर्देश

### योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराए। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दी जाने वाली राहत की भी पीड़तिं तक जानकारी पहुंचाएं, जिससे हर पीड़ति को लाभ दिया जा सके। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, डीडीपी प्रॉसिक्यूटर कंचन जटिल, डीएसपी कौशिल्या साहू, जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद कुमार नेताम, जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव, समिति सदस्य मूरती राम मांडवी, टी.आर.जनार्दन, शासकीय अभिभाषक शिव गोपाल श्रीवास्तव उपस्थित थे ।

**दिनभर तेज धूप के बाद रात में भी चलने लगी हैं गर्म हवाएं**

# अभी से तेवर दिखाने लगी गर्मी, 38 डिग्री तक पहुंचा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

मौसम में जारी उतार-चढ़ाव के बीच अब गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। मार्च माह के शुरुआत के साथ ही तापमान में अचानक बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उत्तर से आ रही शुष्क हवाओं के चलते अंचल का अधिकतम पारा बढ़कर 38 से 39 डिग्री तक पहुंच गया है, अप्रैल माह के दिनों तक 44 के करीब पहुंचने की संभावना है। दिन के अलावा रात का तापमान भी अधिक हो रहा, मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिमी और पश्चिमी शुष्क हवाओं के कारण कई स्थानों पर अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से 3 डिग्री की बढ़ोतरी का अनुमान है। हालत यह है कि पारा ऊपर पहुंच कर लोगों एहसास करा रहा है आने वाले दिनों में झुलसाने वाली तेज गर्मी पड़ेगी। ▶▶ शेष पेज 11 पर



### बेवरेज एवं आइसक्रीम की बढ़ी डिमांड

इधर गर्मी के बढ़ते ही ठंडे पेय जल के साथ ही आइसक्रीम की डिमांड में भी इजाफा हो गया है। शहर के चौक चौराहे पर लगे गन्ने रस के ठेलों पर दिनभर ग्राहकी देखी जा सकती है। हालांकि महंगाई का असर भी आइसक्रीम के साथ-साथ शीतल पेयजल के दामों में देखने को मिल रहा है। अधिकांश कंपनियों ने अपनी आइसक्रीम के दाम 20 से 30 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। वहीं, गन्ना रस के साथ ही लस्सी, नींबू पानी के दामों में भी 5 से 10 प्रतिशत का इजाफा कर दिया गया है।

### तेज गर्मी से सूखने लगे पंप, पानी की हो रही किल्लत

जिला मुख्यालय सहित अंचल में तेज तपन से पानी संकट उत्पन्न हो गया है। शहर के वार्डों से लेकर ग्रामीण इलाकों बोर पंप बंद हो गए हैं। जिला मुख्यालय में आधे से ज्यादा बोर पंप बंद हो चुके हैं जिसके चलते पानी किल्लत का सामना करना पड़ा ओर गर्मी के शुरू में ही पानी समस्या से जूझ रहे है बताया जा रहा है कि धीरे-धीरे पानी लेबल दिनों दिन जमीन की ओर जा रहा है।




नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

# जिले का एक ऐसा 30 बिस्तर अस्पताल जहां तीन साल से एक भी डिलीवरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में एक ऐसा 30 बिस्तर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जहां तीन साल से एक भी प्रसूताओं की डिलीवरी नहीं हो पाई। खास बात यह है कि इस हॉस्पिटल को 100 बिस्तर की मंजूरी मिली है। आनन-फानन में 30 बिस्तर शुरू किया गया है। मौजूदा हाल यह है कि बिना सुविधाओं के लैस यह अस्पताल अपने ढ़र्रे पर चल रहा है। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की मांग तो पूरी हुई लेकिन उनकी समस्या का हल नहीं हुआ है। महिलाएं अब भी डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल या फिर सिविल अस्पताल सुपेला रेफर की जाती है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी और जांच के लिए सलाह दी जा रही है। हर केंद्र में 10 प्रसूताओं की अनिवार्य डिलीवरी का नियम है।

### जिले का नवमां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

दुर्ग जिले में पहले आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहे थे।रिसाली का यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिले का 9 वां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। कांग्रेस जब सत्ता में आई तो दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस हॉस्पिटल की शुरूआत तत्कालीन विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने करवाई थी। श्री साहू ने जिला प्रशासन से चर्चा कर महिलाओं की डिलीवरी प्रांरभ करने के निर्देश दिए लेकिन आवश्यक तैयारी और सुविधाओं का हवाला देकर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे आगे टाल दिया।

## रिसाली सीएचसी का हाल : नियम महीने में 10 डिलीवरी अनिवार्य

### जिस कमरे में डिलीवरी की तैयारी वहां कक्ष जर्जर

रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए जिस कक्ष में प्रसूताओं की डिलीवरी की तैयारी करवाई गई उसकी हालत जर्जर है। इसके संधारण के लिए पैसे रिसाली निगम को खर्च करने थे। रिसाली निगम इस भवन के संधारण में शुरूआती दौर में 14 लाख रुपए खर्च कर चुका है। रिसाली निगम में कांग्रेस की महापौर है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बदलने के बाद रिसाली निगम ने संधारण कार्य से हाथ खड़े कर दिए। मौजूदा स्थिति यह है कि डिलीवरी कक्ष जर्जर हाल में है। कम से कम तीन कमरे की जरूरत डिलीवरी के लिए जरूरी है।




**जर्जर भवन है मुख्य दिक्कत**

रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिस भवन में चल रहा है वह जर्जर हाल में हैं। विशेषकर डिलीवरी कक्ष। हमारी तैयारी थी कि डिलीवरी शुरू की जाए लेकिन सुविधाओं के अभाव में यह प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। **डॉ. एनएल बंजारे**, बीएमओ दुर्ग

**महीने में 4 हजार की ओपीडी:** रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से स्थानीय सहित आसपास के ग्रामीणों के लिए सुविधाएं बढ़ी है। नतीजा हर महीने की ओपीडी करीब 4 हजार मरीजों की है। सुबह व शाम को ओपीडी खुलती है और जनरल बीमारियों की जांच व दवाएं लोगों को मिल रही है।

### एक्स-रे मशीन भी है सालभर से खराब

सीएचसी रिसाली में सरकारी हॉस्पिटल रानीतराई से एक्स-रे मशीन लाई गई है। मरीजों ने बताया कि सालभर से ज्यादा हो गए एक्स-रे मशीन बंद पड़ा है। इसे सुधारने के लिए भी यहां के पदस्थ डॉक्टरों की दिलचस्पी नहीं है। इसलिए कि डॉक्टरों का वर्क बढ़ जाएगा। एक्सरे नहीं होने से आर्थो, फेफड़े के संक्रमण आदि रोगों के मरीजों की जांच तक नहीं हो पाती।

### एक भी आपरेशन नहीं लेकिन एनेस्थीसिया के डॉक्टर पदस्थ

रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न ही डिलीवरी होती है और न ही कोई आपरेशन की सुविधा है। उसके बाद भी यहां एनेस्थीसिया के डॉक्टर को पदस्थ किया गया है। इस डॉक्टर का इस्तेमाल दूसरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में की जा रही है। इस हॉस्पिटल में कोई भी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है। कुल छह डॉक्टर पदस्थ हैं। जिसमें एक डेंटल, एक आयुर्वेदिक, एक शिशु रोग, एक एनेस्थीसिया और दो जनरल मेडीसीन हैं। पूर्व बीएमओ डॉ. डीके बेलचंदन भी यहां अटैच हैं।

## खबर संक्षेप



### आदर्श मंडल ने नशामुक्त मनाया होली पर्व

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित राज ठेठवार परिवार चौक में आदर्श मंडल द्वारा नशामुक्त होकर होली पर्व मनाया गया। समिति के सभी लोगों ने एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आने जाने वाले के लिए ड्रम में रंग घोलकर सभी को रंगीन कर दिया। इसी दौरान बच्चे, बुजुर्गों ने भी फिल्मी गाने एवं फाग का खूब लुत्फ उठाया। सभी मस्ती में झूमने व थिरकने लगे। कार्यक्रम में गजेश यदु, प्रवीण झा, देवेंद्र शर्मा, राजकुमार पांडे, प्रवीण झा, ललित यदु, सत्येंद्र श्रीवास्तव, नवीन यदु, श्रीतिक आदि शामिल थे।

### नशामुक्त तरीके से होली मनाने किया प्रेरित



**रायपुर।** सामाजिक संस्था नशामुक्ति अभियान समिति द्वारा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कोटा में उत्साहपूर्वक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को होली के त्योहार को पर्यावरण के प्रति जागरूक और नशामुक्त तरीके से मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में केमिकल रहित हरे, पीले और लाल गुलाल जैसे सूखे रंगों से होली खेली गई। नशामुक्ति अभियान समिति के संयोजक अधिवक्ता भगवानू नायक ने लोगों को होली के अवसर पर नशीले पदार्थों से दूर रहने और नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए संकल्प दिलाया। श्री नायक ने कहा, होली खुशियों का त्योहार है, लेकिन नशे के कारण कई बार खुशियां दुख में बदल जाती हैं। नशामुक्त होली हमारे समाज के लिए जरूरी है। हमें नशामुक्त होली मनाकर समाज को एक स्वस्थ और खुशहाल दिशा देनी चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और नशामुक्ति के संकल्प को मजबूती से अपनाया। समिति के जिला प्रभारी आशीष तांडी ने लोगों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएं और अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

**दोनों पैनल की सहमति से उम्मीदवार हुए तय**

### सतीश अध्यक्ष, अजय महामंत्री और निकेश कोषाध्यक्ष के लिए संयुक्त उम्मीदवार तय

# चैंबर चुनाव में उलटफेर, संविधान संशोधन निरस्त, अमर नहीं लड़ेंगे


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव में नया मोड़ आ गया है। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद संविधान संशोधन निरस्त होने के बीच बदले हुए समीकरण में जय व्यापार पैनल और एकता पैनल में चुनाव लड़ने को लेकर समझौता हो गया है। इसके तहत अध्यक्ष पद के लिए सतीश थौरानी, महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए निकेश बरड़िया दोनों पैनल के संयुक्त उम्मीदवार तय किए गए हैं। व्यापारी एकता पैनल के सह चुनाव संचालक राजेश वासवानी ने बताया कि तीन दिन पूर्व व्यापारी एकता पैनल और जय व्यापार पैनल के बीच चुनाव लड़ने को लेकर आम सहमति बनी।

वरिष्ठजनों की मध्यस्थता में दोनों पैनल के वरिष्ठ सदस्यों के विचार-विमर्श के बाद अध्यक्ष पद के लिए सतीश थौरानी, महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए नितेश बरड़िया का नाम तय किया गया। ये तीनों प्रत्याशी दोनों पैनलों के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। नामांकन पत्र तीनों प्रत्याशी एक पैनल से भरेंगे। इस आशय का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया, ताकि व्यापारी समाज में एकजुटता का संदेश जाए। अन्य निर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारी एवं जिलों के पदाधिकारियों का चयन गुण-दोष के आधार पर दोनों पैनल से किया जाएगा।







### अध्यक्ष-कोषाध्यक्ष एकता पैनल से

सहमति के आधार पर तय किए गए उम्मीदवारों में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार निकेश बरड़िया व्यापारी एकता पैनल से हैं। वे अध्यक्ष और महामंत्री पद के उम्मीदवार थे। वहीं महामंत्री पद के उम्मीदवार अजय भसीन जय व्यापार पैनल के महामंत्री पद के उम्मीदवार घोषित किए गए थे।

### चुनाव समिति की हुई बैठक

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा चुनाव समिति की आवश्यक बैठक बुलाई गई। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, प्रकाशचंद गोलछा, केसी माहेश्वरी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय जोशी, एचएस कर, एमएस रावते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### इन जिलों में होगा चुनाव

प्रक्रिया के तहत प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के साथ ही रायपुर सहित 26 जिलों के लिए 10 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी, जिसमें भिलाई और रायपुर जिले में दो दिवसीय मतदान प्रक्रिया पूरी की जाएगी। रायपुर जिले के लिए 8 उपाध्यक्ष, 8 मंत्री, और सरगुजा, सूरजपुर, मनेंद्रगढ़ -चिरमिरी, भरतपुर, गौरेला-पेंड्रा, मरवाही, धमतरी, दंतेवाड़ा, कांकेर, रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, बिलासपुर, सक्ती, कोरबार जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बेमेतरा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 1 उपाध्यक्ष और 1 महामंत्री पद के लिए मतदान होगा। साथ ही प्रदेश 3 पद अध्यक्ष, महामंत्री कोषाध्यक्ष के लिए सभी 27480 मतदाता मतदान करेंगे।

# दो साल इंतजार के बाद राजधानी से फिर विशाखापट्टनम के लिए फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ समर शेड्यूल में शामिल 31 मार्च से सप्ताह में दो उड़ानें

दो साल पहले एयर इंडिया की फ्लाइट के साथ बंद हुई रायपुर-विशाखापट्टनम की फ्लाइट फिर से उड़ान भरेगी। निजी एयरलाइंस इंडिगो ने इसे अपने समर शेड्यूल में शामिल किया है और 31 मार्च को पहली फ्लाइट के लिए बुकिंग भी शुरू कर दी गई।

यह फ्लाइट सप्ताह में दो दिन सोमवार तथा शुक्रवार को संचालित होगी। इस फ्लाइट की डिमांड काफी समय से की जा रही थी और अंदाजा उसी एयरलाइंस कंपनी से पुनः शुरुआत से लगाया जा रहा था। वर्ष 2023 के पूर्व एयर इंडिया की फ्लाइट मुंबई, नागपुर, रायपुर और विशाखापट्टनम को जोड़ती थी। एयरलाइंस कंपनी द्वारा विमानों का संचालन रायपुर से बंद किए जाने के बाद विशाखापट्टनम से रायपुर की एयर कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। काफी लंबे समय से विशाखापट्टनम के लिए फ्लाइट शुरू करने का इंतजार किया जा रहा था। कुछ समय पहले विमानन कंपनी के वापस लौटने के दौरान यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि कंपनी अपनी विशाखापट्टनम की उड़ान पुनः शुरू करेगी, मगर रायपुर से सबसे ज्यादा विमान का संचालन करने वाले इंडिगो ने समर शेड्यूल में इस उड़ान की घोषणा की है। रायपुर-विशाखापट्टनम की नियमित फ्लाइट 31 मार्च से शुरू होगी, जिसके लिए बुकिंग की जा रही है।

**भोपाल के लिए 4 दिन, प्रयागराज 2 दिन :** समर शेड्यूल के दौरान इंडिगो की एक फ्लाइट सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को भोपाल-रायपुर-भोपाल सेक्टर में भी संचालित होगी। यह फ्लाइट भोपाल से 9.40 बजे टेकऑफ होकर 11.10 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी के दौरान रायपुर से 11.30 बजे रवाना होकर भोपाल में दोपहर 1 बजे लैंड होगी। इसी तरह प्रयागराज-रायपुर सेक्टर में 30 मार्च से शनिवार और रविवार को दो उड़ानों का संचालन किया जाएगा। यह फ्लाइट 6 ई 7295 रायपुर से 8.50 बजे रवाना होकर 10.25 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वापसी के दौरान प्रयागराज से 10.50 बजे उड़ान भरकर रायपुर 12.30 बजे रायपुर पहुंचेगी।

**मौदहापारा में नालियों पर अतिक्रमण को लेकर हुईं नाराज**

# साफ-सफाई का जायजा लेने पर सड़क पर उतरीं महापौर मीनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



महापौर मीनल चौबे रविवार को मौदहापारा मुख्य मार्ग पर लगने वाले संडे बाजार का निरीक्षण करने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को सड़क किनारे व्यवसाय करने की हिदायत दी, ताकि सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या न हो। मौदहापारा में मारुति सेल्स शोरूम और केके रोड क्षेत्र में नालियों पर किए गए अतिक्रमण को लेकर वे जमकर बिफरीं। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि तुरंत नालियों पर बनाए गए पाटे हटाएं। साथ ही निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मशीनों से नालियों पर बने सभी पाटों को तोड़ा जाए।

■ व्यापारियों को दी चेतावनी- नालियों पर बने पाटे तत्काल हटाएं, सड़क जाम से हो रही दिक्कत

■ मौदहापारा, एमजी रोड, शारदा चौक जयस्तंभ चौक की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

होली त्योहार के बाद शहर की सफाई को लेकर महापौर मीनल चौबे रविवार को पैदल ही मौदहापारा, एमजी रोड और शारदा चौक, जयस्तंभ आदि इलाकों में निगम के अधिकारियों के साथ पहुंचीं। इस दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने लोगों से बातचीत की। एमजी रोड स्थित नाइट चौपाटी पर प्लास्टिक डिस्पोजल बंद करने के उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। महापौर ने नालियों की सफाई नियमित रूप से कराने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि नगर निगम नालियों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करेगा और निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी।

### हॉटल प्रबंधन को सफाई पर ध्यान देने की हिदायत

सुबह के समय शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र सदरबाजार, कोतवाली थाना, एमजी रोड पर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचीं महापौर ने एमजी रोड पर मंजू ममता होटल प्रबंधन को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और मौदहापारा में मारुति सेल्स के पाटे के कारण सफाई कार्य में आ रही दिक्कतों को लेकर निगम के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देने के साथ निर्देश भी दिए। महापौर मीनल चौबे ने कहा, शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाना हमारा संकल्प है। इसके लिए हमारी शहरी सरकार प्रतिबद्ध है। सफाई व्यवस्था के प्रत्यक्ष निरीक्षण के दौरान नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे सहित जोन स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक मड थेरेपी, 19 से निशुल्क चिकित्सा शिविर

**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई द्वारा 19 से 25 मार्च तक रामनाथ भीमसेन सभा भवन समता कॉलोनी में निशुल्क प्राकृतिक मड थेरेपी चिकित्सा शिविर आयोजित है। शिविर कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम द्वारा सर्व समाज के लिए आयोजित है। इस मौके पर शिविर में कमरदर्द, घुटना दर्द, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, मोटापा, अनिद्रा, कब्ज, गैस, थायराइड, एसिडिटी, जलन मूत्र प्रॉब्लम, अल्सर, त्वचा संबंधी समस्या का उपचार किया जाएगा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, महामंत्री मुरली अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया कि शिविर में शामिल होने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं, जिसमें प्रमुख पंजीयन व्यवस्था समिति में अशोक गोयल, कर्तव्य अग्रवाल, प्रमोद जैन, विकास अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल शामिल हैं। इसके अलावा भवन व्यवस्था, भोजन व्यवस्था और टैंट व्यवस्था के लिए समिति बनाई गई है। 23 मार्च को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील गुनियाल एवं मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. निमेश सिंघानिया, दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज अग्रवाल द्वारा निशुल्क जांच कर मरीजों का उपचार किया जाएगा।

■ समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में आयोजन

■ उदयपुर के प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम देगी सेवा

# बीमारी से तंग आकर डॉक्टर ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**सुपेला पुलिस कर रही है जांच**

घूटने की दर्द से परेशान एक डॉ.ने फांसी लगाकर आत्हत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने परिवार के लोगों को परेशान न करने की बात उल्लेख है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कंट्रेक्टर कालोनी निवासी डॉ. आरती राम साहू यहीं अपना क्लीनिक चलाया करते थे। वे गायत्री प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधाम भगवती संस्थान के सीनियर कार्यकर्ता थे। डॉ. साहू काफी सपन्न परिवार से हैं। घर में उनकी पत्नी के साथ उनके दो बेटे और एक बेटी हैं। वो नाती-नातिनों के साथ काफी समय बिताते थे। डॉ साहू अपने घूटने की दर्द से लंबे समय से परेशान थे। वो चल फिर नहीं पाते थे। इसे लेकर वो कई बार अपने मित्रों से बातचीत किया करते थे। सुसायडल नोट में भी बीमारी को लेकर उन्होंने लिखा है। बताया जा रहा है कि डॉ. आरती राम साहू ने पहले से ही सुसाइड करने का मन बना लिया था। फंदा तैयार करने के लिए एक दिन पहले दुकान से नई नायलोन की रस्सी खरीदी थी। इसके बाद उसे झोला में रखा था। 15 मार्च की सुबह डॉ. घर में नाश्ता किया और झोला लेकर निकल गए। जाने से पहले उन्होंने अपने नाती-नातिनों को बुलाया उन्हें दुकान ले गए और चॉकलेट भी दिलाई थी।



■ घूटने की दर्द से था मृतक डॉ. आरती परेशान

### पेड़ पर लगाई फांसी

पुलिस ने बताया कि डॉ आरती पैदल रास्ते चंद्रा मौर्या टॉकीज के पीछे रेलवे ट्रैक की तरफ गए। जहां जंगल वाले एरिया में एक पेड़ से फंदा बनाया और उसमें झूल गए। शाम को जब लोगों ने उन्हें फंदे पर लटका देखा तो पुलिस और परिजनों को सूचना दी। रविवार को डॉ. साहू के शव का पीएम किया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद से परिवार में मातम पसर गया है।

# बीएसपी कर्मी और भाजपा नेत्री का पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गैंगस्टर अमित जोश को पिस्टल उपलब्ध कराने वाले युवक को पुलिस ने लंबे समय बाद गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि रुआबांधा रिसाली निवासी प्रखर चंद्राकर ही गैंगस्टर अमित जोश को पिस्टल उपलब्ध कराया था। उसके एंकाउटर के बाद से प्रखर चंद्राकर फरार के नाम पर भिलाई-दुर्ग में ही घूम रहा था। पुलिस के बयान में प्रखर चंद्राकर का नाम आया है कि अमित को इसी ने ही पिस्टल उपलब्ध कराया था। उसके बाद जोश ने प्राणघातक हमला ग्लोब चौक के पास युवको पर किया था। शिकायत के बाद पुलिस ने प्रखर को पकड लिया। आरोपी प्रखर चंद्राकर बीएसपी कर्मी कमल नारायण और भाजपा नेत्री प्रीति चंद्राकर का बेटा है। प्रखर को लेकर पुलिस के पास कई शिकायत मिली है।

# वार्षिक खेलकूद चिकित्सा छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में पिछले दिनों वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया।

आयोजन के अध्यक्ष डॉ. विवेक पात्रे, डॉ. प्रदीप चंद्राकर एवं डॉ. प्रवीण कुर्रे थे। वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का शुभारंभ डॉ. अरविंद नेरल, डॉ. जीवन पटेल एवं डॉ. विक्रम राठौर की उपस्थिति में मैराथन प्रतियोगिता के साथ किया गया। एनुअल स्पोर्ट्स डे के अवसर पर मार्च पास्ट के साथ मशाल रैली निकाली गई, जिसमें डॉ. कृष्णकांत साहू एवं खेलकूद सचिव अनीस राठौर ने भाग लिया। उसके पश्चात विभिन्न एथलेटिक इवेंट्स का आयोजन हुआ।

समारोह के पदक वितरण के मुख्य अतिथि डीएमई डॉ. यूएस पैंकरा, डीन अध्यक्ष डॉ. विवेक चौधरी एवं अतिविशिष्ट अतिथि आंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर थे। स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर का खिताब डॉ. पीयूष भास्कर एवं डॉ. प्रिया चंद्रवंशी तथा एथलेटिक पर्सन ऑफ ईयर का खिताब प्रशांत एवं वर्षा बघेल को दिया गया। इस दौरान डॉ. हंसा बंजारा, डॉ. सरिता, डॉ. देवप्रिय, डॉ. नागेंद्र, डॉ. कुशल एवं अन्य मौजूद थे। विभिन्न इनडोर एवं आउटडोर खेलों में सभी चिकित्सा छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**ओबीसी आरक्षण पर सियासी हमले, बयानबाजी तेज**

# साव बोले- कांग्रेसी भ्रम फैला रहे, भूपेश ने कहा- गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में ओबीसी आरक्षण को लेकर सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डिप्टी सीएम अरुण साव पर निशाना साधते हुए कहा, वे ओबीसी आरक्षण को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। जिस पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, राज्य में अनारक्षित 13 जिला पंचायतों में से 12 के चुनाव संपन्न हुए हैं।

इन 12 जिला पंचायतों में 9 ओबीसी अध्यक्ष बने हैं। साथ ही 12 जिला पंचायतों में 8 उपाध्यक्ष भी ओबीसी वर्ग से हैं। उन्होंने कहा, सरकार की प्रतिबद्धता रही कि ओबीसी को सम्मान मिले। साय सरकार ने जो कहा, वह कर दिखाया है। अब डिप्टी सीएम अरुण साव ने भूपेश बघेल को माफी मांगने की बात कही है, तो वहीं भूपेश बघेल कह रहे हैं, डिप्टी सीएम अरुण साव माफी मांगें। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के बाद भाजपा ने जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भी कब्जा जमा लिया है। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से 31 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव हो गया है। 33 में से 20 जिला पंचायत अनुसूचित जनजाति और जाति के लिए आरक्षित हैं तो वहीं बची हुई 13 अनारक्षित जिला पंचायतों में 12 पर चुनाव हो गए हैं, जिस पर 9 जिला पंचायतों में भाजपा ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ओबीसी वर्ग को बनाया है। जबकि अभी अनारक्षित में रायपुर और आरक्षित में सुकमा में चुनाव होना बाकी है। जबकि इससे पहले कांग्रेस और पूर्व सीएम भूपेश बघेल जिला पंचायत आरक्षण प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए अध्यक्ष बनने के लिए ओबीसी के तरसने तक की बात कह दी थी।

### साव गलत बात कर रहे हैं

इस पलटवार करते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, डिप्टी सीएम अरुण साव गलत बात कर रहे हैं। मैंने कहा था कि एक भी जिला पंचायत ओबीसी



आरक्षित नहीं हुआ। ये नहीं कहा था, एक भी सीट जीतकर नहीं आएंगे। ओबीसी की इतनी आबादी है, वो तो जीतेंगे ही, लेकिन सरकार ने उन्हें आरक्षण दिया था क्या? यह बात सही है कि जिला पंचायत के आरक्षण में ओबीसी को अलग से आरक्षण नहीं दिया गया था, लेकिन भाजपा सरकार ने 9 जिला पंचायतों में ओबीसी को अध्यक्ष/उपाध्यक्ष पद देकर इस वर्ग को साध लिया है। जबकि आरक्षण के समय कांग्रेस ने भाजपा सरकार को ओबीसी विरोधी बताया था। ऐसे में अब अब सवाल है कि राज्य की सरकार को ओबीसी के मुद्दे पर घेरने के लिए कांग्रेस के पास कोई नई रणनीति है या नहीं?

### ओबीसी वर्ग से माफी मांगें भूपेश

इसी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा,



भूपेश बघेल ओबीसी वर्ग से माफी मांगें। भाजपा सरकार में 9 जिला पंचायत अध्यक्ष ओबीसी वर्ग से बने हैं। कांग्रेस सरकार में ओबीसी के साथ अन्याय हुआ था। भूपेश के मुंह से ओबीसी हित की बात शोभा नहीं देती। भूपेश बघेल और कांग्रेस ने ओबीसी के बीच भ्रम फैलाया और भड़काने का काम किया।

## खबर संक्षेप

### चैंबर चुनाव में अग्रवाल समाज को नहीं मिला प्रतिनिधित्व

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर मचा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। चैंबर चुनाव में सिंधी समाज के बाद दूसरे नंबर पर अहम उपस्थिति दर्शाने वाले अग्रवाल समाज को इस बार चैंबर चुनाव में प्रमुखता नहीं दी गई है। इस उपेक्षा को लेकर समाजजनों में खासी नाराजगी व्याप्त है। होली मिलन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों में इस बात को लेकर रोष देखा गया। अग्रवाल समाज की ओर से 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो चैंबर चुनाव में समाज के फैसले को लेकर रणनीति तैयार करेगी। चैंबर चुनाव में अग्रवाल समाज को नजरअंदाज किए जाने को लेकर नाराजगी के स्वर उभरने लगे हैं। इस बार समुचित प्रतिनिधित्व दोनों ही पैनल से नहीं मिल पाने को लेकर समाजजन नाराज हैं। सूत्रों के मुताबिक, राजधानी में हुए समाज के होली मिलन समारोह में इस बात को लेकर चर्चा रही कि चैंबर चुनाव में समाज को तवज्जो नहीं दी गई है। अग्रवाल समाज की ओर से 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। ये कमेटी चैंबर चुनाव में समाज के फैसले को लेकर रणनीति बनाएगी। सूत्रों के मुताबिक, कमेटी की एक अहम बैठक सोमवार को जवाहर नगर स्थित अग्रसेन भवन में रखी गई है, जिसमें चैंबर चुनाव को लेकर समाज के लोगों को इसमें कैसे प्रतिनिधित्व मिले, इस बात पर प्रमुखता से चर्चा होगी।

### किडनी रोग, महासमुंद गरियाबंद, कांकेर संवेदनशील

**रायपुर।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर गुरुवार को एम्स आयोजित सीएमई में सीकेडी पर किए गए विभिन्न शोध अध्ययनों के निष्कर्षों पर चर्चा की गई। डॉ. विनय राठौड़ ने बताया कि विभाग को महासमुंद, गरियाबंद, कांकेर और ओडिशा के आसपास के क्षेत्रों से अधिकांश मामले मिल रहे हैं। कृषि कार्य के दौरान बार-बार होने वाली पानी की कमी, तंबाकू का सेवन और अव्यावासिक दर्दनाशक व हर्बल दवाओं का उपयोग महत्वपूर्ण जोखिम कारक हैं।

### ग्राम भर्रीटोला मंगचुवा में हुआ एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम भर्रीटोला मंगचुवा में रविवार को एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ। जिसमें 14 भाई बहनों ने गायत्री परिवार में गुरु दीक्षा ग्रहण की। कार्यक्रम को गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा के चंद्रकुमार लारियावंशी, सेवाराम मंडावी, गिरिवर कोलियारे एवं विरेंद्र कुमार साहू की टोली ने संचालन किया। कार्यक्रम के आयोजक मनोज कुमार, कोमल साहू, महेश साहू थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अजीत टेंम्भुरकर, मन्नू लाल प्रधान, बिसौहा राम सिन्हा, रामविलास साहू, खिलेश साहू, झुमुकलाल परसाई, मंगल सिंह लारिया, नवेन्द्र ठाकुर, बिटान बाई, पुष्पा बाई, मीराबाई, कैलाश बाई, हीरो बाई, लेखराम, भूपेंद्र कुमार रावटे आदि का विशेष सहयोग रहा।

# 35 हजार बकायादारों की बिजली कट, 25 करोड़ की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेशभर में बकायादारों पर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने कड़ाई शुरू कर दी है। प्रदेश के 35 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं का बकाया बिल जमा न करने के कारण बिजली कट कर दी गई। इसका नतीजा ये हुआ कि करीब 30 हजार बकायादारों ने तत्काल भुगतान कर दिया और अपने कनेक्शन वापस जुड़वा लिए। इससे पॉवर कंपनी को 25 करोड़ से ज्यादा का बकाया मिल गया है। हालांकि यह बकाया ऊंट के मुंह में जीरे जैसा है। आम उपभोक्ताओं पर हजार करोड़ से ज्यादा का बिल बकाया है। वहीं प्रदेश के सरकारी विभागों पर तो ढाई हजार करोड़ रुपए बकाया हैं। सरकारी विभागों की बिजली कभी भी बिल जमा न करने पर कट नहीं की जाती है।

पॉवर कंपनी का आम उपभोक्ताओं एवं सरकारी विभागों को मिलाकर चार हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। उपभोक्ताओं से वसूली के लिए पॉवर कंपनी हमेशा अभियान चलाती है। इस समय में भी प्रदेशभर में यह अभियान चल रहा है। पॉवर कंपनी ने बकाया वसूलने के लिए बकायादारों की बिजली कट करने का अभियान चला रखा है।

## सरकारी विभागों पर ढाई हजार करोड़ बकाया

### कहां कितने कनेक्शन कट

बिलासपुर सर्किल में सबसे ज्यादा 74 सौ उपभोक्ताओं की बिजली काट दी गई। इसी तरह से महासमुंद सर्किल में 73 सौ उपभोक्ताओं की बिजली कट की गई और इनसे करीब 15 करोड़ वसूल किए गए। रायगढ़ और जांजगीर सर्किल में चार हजार से ज्यादा बकायादारों की बिजली कट की गई, इनसे भी करीब दस करोड़ की वसूली की गई है। रायपुर सर्किल में दो हजार की बिजली कट की गई। सभी सर्किल को मिलाकर करीब 30 हजार उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई लगातार चलेगी।

### सरकारी विभागों पर ढाई हजार करोड़ बाकी

प्रदेश के सरकारी विभागों पर इस समय ढाई हजार करोड़ से ज्यादा बकाया है। सरकारी विभाग हमेशा से ही बेलगाम रहे हैं। ये अपना बिल ही जमा नहीं करते। अंत में पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर बजट में से बिल की रकम लेनी पड़ती है। सरकारी विभागों पर बकाया रहने पर अब केंद्र सरकार से योजनाओं में मिलने वाली राशि भी रुक जाती है।

### बीपीएल उपभोक्ताओं पर ही लाखों का बिल बकाया

आम उपभोक्ताओं की बिजली तो कट की जा रही है, लेकिन प्रदेश में 20 लाख से ज्यादा बीपीएल के उपभोक्ता हैं, इन पर ही लाखों की बकाया है। इनको प्रदेश सरकार की तरफ से 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है। इसके बाद का बिल उन्हें देना पड़ता है, लेकिन बरसों से बीपीएल उपभोक्ता बकाया रकम जमा ही नहीं कर रहे हैं। इनकी बिजली कभी कट नहीं की जाती है। इनसे तो सुरक्षा निधि भी नहीं ली जाती है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद इनसे बकाया वसूलना और मुश्किल हो जाएगा।

### पंडित मिश्र की पुण्यतिथि पर लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** तिल्दा विकासखंड के ग्राम मुरा में रविवार को प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. लखन लाल मिश्र की पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर उनकी स्मृति में आयोजित 25वां शिविर था, जिसमें आसपास के लगभग 40 गांवों से हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। फ्रीडम फाइटर पं. मिश्र के गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में छत्तीसगढ़ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा ग्राम मुरा पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर आगामी वर्ष से अपनी सेवाएं प्रदान करने की घोषणा भी की गई।

## रंगों की मस्ती में ज्यादा हुईं घटनाएं, सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी में इलाज

# सरकारी अस्पतालों में गहमागहमी, मारपीट और एक्सीडेंट के बाद 275 लोग पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली की खुमारी के बीच एक्सीडेंट, गिरने-पड़ने और मारपीट होने की घटनाएं भी जमकर घटीं। अप्रिय घटनाओं में आहत होने वाले लोगों के इलाज के लिए अवकाश के दिन सरकारी अस्पताल इमरजेंसी मोड में सक्रिय रहे, जहां गहमागहमी की स्थिति बनी रही। पिछले दो दिन के भीतर केवल 108 एंबुलेंस की मदद से 275 लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, वहीं 100 के करीब अपने साधनों से इलाज के लिए आए। होली की छुट्टी के दिन सरकारी अस्पतालों में बाह्य रोग विभाग बंद था, मगर इमरजेंसी सेवा को बहाल रखा गया था। जहां इलाज के लिए विभिन्न कारणों से चोटिल होकर काफी लोग पहुंचे। होली का माहौल होलिका दहन यानी गुरुवार से बन गया था और शुक्रवार तक इसके साइड इफेक्ट भी नजर आते रहे।

108 संजीवनी एबुलेंस सेवा के आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न तरह के मामलों में कुल 275 लोगों को उनकी सेवा की जरूरत पड़ी। सूचनाओं के आधार पर एंबुलेंस में तैनात चिकित्सकीय टीम उन्हें उपचार के लिए अस्पताल तक पहुंचाती रही। इसके अलावा करीब सौ की संख्या में लोग इलाज की खातिर अपनी व्यवस्था के तहत अस्पताल पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग के आदेश पर सरकारी अस्पतालों के सूचनाओं पर मदद के लिए 108 संजीवनी सेवा के अलर्ट मोड पर रखा गया था। एंबुलेंस सेवा के लिए हर कॉल को गंभीरता से लेने और त्वरित एक्शन लेने की हिदायत दी गई थी। रायपुर समेत राज्य के अनुसार, प्रदेश के अन्य जिलों में आहत मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने एंबुलेंस घटनास्थल से लेकर नजदीकी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल, जिला अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्रों तक दौड़ती रहीं।

### पिछले साल की तुलना में इस बार दुर्घटना के मामले ज्यादा



### लड़ने-भिड़ने से 43 घायल

पिछले साल की तुलना में इस बार एक्सीडेंट के ज्यादा मामले सामने आए। होलिका दहन के दिन 116 लोगों को विभिन्न दुर्घटनाओं के बाद इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं त्योहार की खुमारी में आपस में लड़ने-भिड़ने के बाद घायल हुए 43 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। दूसरे दिन यानी 15 मार्च को एक्सीडेंट के 91 तथा मारपीट जैसे मामलों में 25 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

### आंबेडकर अस्पताल में भीड़

होली के दौरान आंबेडकर अस्पताल में शुक्रवार को छुट्टी रही, वहीं शनिवार को ओपीडी सेवा बहाल थी, मगर गिनती के मरीज ही वहां इलाज के लिए पहुंचे थे। दोनों दिन इमरजेंसी विभाग में मरीजों की संख्या अधिक रही। एमएलसी के करीब 20 मामले आए, 50 प्रकरणों जिसमें एक्सीडेंटल घटनाओं में लोग सीधे अस्पताल पहुंचे और 30 के करीब दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों से प्राथमिक उपचार के बाद यहां रेफर किया गया।




### नवनिर्वाचित जनपद सदस्य गुलशन ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जनपद क्षेत्र क्रमांक 5 के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू ने गृह ग्राम अर्जुनी में आभार कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, जिला सदस्य क्रांति सोनेश्वरी, जिला महिला अध्यक्ष दीपा साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष लेख राम साहू, ठाकुर राम चंद्राकार, जनपद सदस्य अश्वनी कटहरे, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सदस्य केशवराम साहू अश्वनी यादव, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, कुलदीप साहू, लक्ष्मीकांत साहू, चेतन साहू, सौरभ जैन, थान सिंह मंडावी, सरपंच हेमंत साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए। उक्त अवसर पर कवि केशव राम साहू ने कविता के माध्यम से शुभकामनाएं दी।

### बालोदगहन में नवनियुक्त सरपंच भगवान दास ने लिया कार्यभार



**गुरूर।** ग्राम पंचायत बालोदगहन में पूर्व सरपंच पुरंजन यादव ने वर्तमान सरपंच भगवान दास मुरचुलिया को कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम में सचिव हितेश साहू, पूर्व पंचगण एवं वर्तमान उपसरपंच एवं पंचगण व ग्रामीण उपस्थित थे। वर्तमान सरपंच भगवानदास मुरचुलिया ने पूर्व सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों को गमछा एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

## घर-घर विराजेंगे भगवान झूलेलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिंधु एकता संघ, सिंधी समाज द्वारा गणेश उत्सव की तरह झूलेलाल उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। 26 मार्च को घर-घर में भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापित की जाएगी तथा पांच दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन 31 मार्च को विसर्जन किया जाएगा। पूरे छत्तीसगढ़ में झूलेलाल उत्सव को लेकर समाजजनों में उत्साह है तथा मूर्ति निर्माण कार्य निरंतर जारी है। रायपुर शहर के साथ छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के भी शहरों में सिंधु एकता संघ द्वारा सांई लालदास से जुड़ी हुई स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से मूर्तियां निशुल्क भेजी जा रही हैं। कई शहरों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा संघ की प्रेरणा से सांई लालदास के सानिध्य में मूर्ति निर्माण कराया जा रहा है। पूरे प्रदेश में अब तक 5 हजार मूर्तियों का पंजीयन हो चुका है तथा लगभग 10 हजार मूर्तियां पूरे प्रदेश में वितरित की जाएंगी। मूर्तियां पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी, अतः इच्छुक समाजजन जल्द से जल्द पंजीयन स्थलों में मूर्ति प्राप्त करने के लिए पंजीयन करा लें। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, कार्यक्रम संयोजक रमेश मिरघानी, अध्यक्ष चंद्र कुमार माखीजा ने बताया कि यह कार्यक्रम सिंधु एकता संघ द्वारा संत लालदासजी की प्रेरणा व संत युधिष्ठिरलाल तथा देवपुरी दरबार की प्रमुख, अम्मा मीरादेवी के आशीर्वाद से किया जा रहा है।



■ चेट्रीचंड्र कार्यक्रम की तैयारी

### यहां होगा मूर्ति के लिए पंजीयन

रायपुर में निम्नलिखित पंजीयन स्थलों में अपनी मूर्ति पंजीकृत करा सकते हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिंधी संस्कृति व धर्म का प्रचार तथा समाज के युवाओं को सिंधी समाज की मुख्यधारा से जोड़ना तथा सामाजिक एकता स्थापित करनी है, जो केवल सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक जागरूकता से ही संभव है, जिसके लिए सिंधु एकता संघ निरंतर प्रयासरत है। पंजीयन स्थल लाखेनगर में भारत चंदवानी, सुनील रामवानी, पंडरी देवेंद्र नगर में चंदू माखीजा, तेलीबांधा में ज्ञानू उदासी, नर्मदापारा में संतोष डोडानी, संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब में अप्पू वाडिया, रिक्की जुडानी व प्रदीप सिंहानी, श्रीनगर में विनोद शीतलानी, फाफाडीह में नरेश भोजवानी, कटोरा तालाब में विजय लहरवानी, डगनिया में भवन इसरानी व डीडीनगर में सुधीर रामानी से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।

## भाजपा नेताओं को बचाने भारतमाला प्रोजेक्ट की ईओडब्ल्यू से जांच करा रहे

**रायपुर।** भारतमाला परियोजना में जमीन अधिग्रहण घोटाले में भाजपा सरकार लीपापोती करना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार इस मामले में संलिप्त भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, एक पूर्व मंत्री, विधायक को बचाने के लिए ईओडब्ल्यू की जांच करा रही है। भारतमाला परियोजना केंद्र सरकार की योजना है। इस मामले में मुआवजे का जो घोटाला हुआ है, उसमें केंद्र सरकार के खजाने पर डाका डाला गया है। अतः इसकी जांच केंद्र सरकार की एजेंसियों को करना चाहिए। केंद्रीय राशि पर घपले की जांच सीबीआई को करनी चाहिए। साथ ही मुआवजे के लेन-देन में जो गड़बड़ी की गई है, ईडी भी इस मामले की जांच करे। इस पूरी सड़क परियोजना के भूमि अधिग्रहण की सूक्ष्म जांच होनी चाहिए। यह हजारों करोड़ का सुनियोजित घोटाला है, जिसमें संगठित गिरोह बनाकर मुआवजा वसूला गया है। रायपुर से हैदराबाद सड़क के भूमि अधिग्रहण की जांच कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा, छोटे-छोटे मामले में सीबीआई जांच कराने की घोषणा की जाती है, तब इतने बड़े घोटाले की जांच से डबल इंजन की सरकार क्यों घबरा रही है? किसको बचाने सीबीआई और ईडी की जांच नहीं कराई जा रही है।



### प्राथमिक शाला अकोली में धूमधाम से मनाई गई होली...




**रायपुर।** बेमेतरा जिले में नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोली में होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रधान पाठक परमेंद्र निषाद, सहायक शिक्षक कौशल वर्मा, हेमूलला निधड़, इंद्रमणी कुशवाहा एवं यशवंत साहू के साथ ही विद्यालय के सभी बच्चे शामिल हुए और होली का जमकर आनंद लिया।

### बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने धरनास्थल पर ही मनाई होली

**रायपुर।** बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने समायोजन की मांग को लेकर रविवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। परिवार के साथ धरनास्थल पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे प्रदेशभर के प्रभावित सहायक शिक्षकों ने इस बार धरनास्थल पर ही परिवार के साथ होली मनाई। वहीं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के आव्हान पर 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने धरनास्थल पर अनशन किया। छत्तीसगढ़ के 2897 बर्खास्त बीएड प्रशिक्षिक सहायक शिक्षकों ने नौकरी की सेवा सुरक्षा की मांग करते हुए तूता में धरना दिया।

## पेज 9 के शेष

### डीईओ ने परीक्षा ...

अधिकारी ने केंद्राध्यक्षों और पर्यवेक्षकों को परीक्षा संचालन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए परीक्षार्थियों के लिए भयमुक्त वातावरण बनाने तथा जरूरी सुविधाएं मुहैया करने की आवश्यक निर्देश दिए।

### कक्षा 8वीं की केंद्रीयकृत ....

स्कूल 1 परीक्षा केंद्र बेरला शामिल है। इसी तरह साजा विकासखंड में 104 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 15 निजी विद्यालय को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के 6 परीक्षा केंद्र और सीबीएसई के 1 विद्यालय साजा को बनाया गया है।

नवागढ़ विकासखंड में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के 96 परीक्षा केंद्र, निजी विद्यालय के 18 परीक्षा केंद्र, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की 3 परीक्षा केंद्र तथा सीबीएसई के 1 परीक्षा केंद्र नवागढ़ शामिल है। इससे जिले में कक्षा आठवीं केंद्रीयकृत परीक्षा के लिए 384 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जबकि 60 निजी विद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों के 17 विद्यालय को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी तरह सीबीएसई स्कूल के 4 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### जिले में 16157 ...

कक्षा 8वीं की केंद्रीयकृत करने की जवाबदेही है। जिला शिक्षा अधिकारी सहित जिले के सभी शिक्षा विभाग के अधिकारी, विकास खंड स्तर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी इस परीक्षा की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करेंगे।

### पीड़ितों को सहायता ...

विवाह स्वीकृत/अस्वीकृत प्रकरण की जानकारी एवं दोषियों पर त्वरित कार्यवाही करने के संबंध में अवगत कराया गया।इस दौरान प्राप्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के प्रकरणों में पीड़ति हितग्राहियों को दी गई तत्कालीन सहायता राशि की समीक्षा एवं वर्ष 2013 से आज तक दर्ज प्रकरणों की जानकारी, जिसमें पुलिस विवेचना तथा न्यायालय में चालान प्रस्तुतीकरण के साथ ही न्यायालय में लंबित व निर्णित प्रकरणों की व्यापक समीक्षा की गई।

### अभी से तेवर ...

गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल : वर्तमान में लोग सड़कों पर उतरने से पहले चेहरे को ढके देते हैं इसके साथ ही गर्मी की वजह से लगने वाली प्यास से बचने के लिए साथ में पानी की बोतल भी लिए चल रहे हैं बेमेतरा में लगातार बढ़ते पारा को देखते हुए, मौसमी बीमारी की चपेट में भी लोग आ रहे हैं।

जिस तरह से गर्मी में बढ़ोतरी हुई है उससे कहा जा सकता है कि सामान्य से पांच डिग्री अधिक पारा पड़ रहा है। इधर बढ़ते तापमान का आलम यह है लोगों के दिनचर्य में बाधा उत्पन्न हो रही है मुंह को ढक कर लोगों को अपने कार्य करने पड़ रहे हैं इसके साथ ही स्कूलों में चल रही परीक्षाएं व शासकीय कार्यालय में कार्यरत कर्मी भी बेहाल हो हो रहे हैं क्योंकि कई स्कूलों व शासकीय कार्यालय में पंखे के छोड़ अन्य कोई साधन गर्मी से छुटकारा पाने के लिए उपलब्ध नहीं है, पंखे भी चालू करते हैं तो गर्म हवाओं के थपेड़े पढ़ते हैं।

## टिकैत बोले- काले कृषि कानून किसानों पर थोप रही केंद्र सरकार

**रायपुर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं संयुक्त किसान मोर्चा के नेता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा है कि केंद्र सरकार काले कृषि कानून किसानों पर थोपना चाह रही है। कृषि क्षेत्र का निगमीकरण करने की मंशा रखती है केंद्र सरकार। इसका पुरजोर विरोध देशभर में हो रहा है। किसानों की पंचायत कर उन्हें संगठित करने देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 4 दिवसीय प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने पत्रकारों से चर्चा में ये बातें कही। छत्तीसगढ़ में केंद्र द्वारा धान के समर्थन मूल्य में 117 रुपये प्रति क्विंटल वृद्धि किसानों को नहीं मिलने, रासायनिक खाद की खुलेआम कालाबाजारी, छुट्टे घूमने वाले मवेशियों से किसानों व आम राहगीरों को होने वाली परेशानी पर भी उन्होंने चर्चा की। राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने पत्रकारों के साथ चर्चा में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जबरदस्ती लाए गए कॉर्पोरेट परस्त किसान कृषि और आम उपभोक्ता विरोधी कानून के खिलाफ चले 13 महीने की आंदोलन में केंद्र सरकार ने हालांकि कानून वापस ले लिया, पर किसानों से उस दौरान सभी फसलों के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप सभी फसलों का समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी लागू करने का वादा पूरा नहीं किया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सुर्रा में काल भैरव शिव महापुराण कथा जारी

**बालोद।** ग्राम सुर्रा के तिरंगा चौक पर काल भैरव शिव महापुराण कथा का आयोजन 16 मार्च से



किया जा रहा है जो 22 मार्च तक चलेगा। ग्राम अरमरीकला निवासी पंडित आचार्य पंडित अनिल तिवारी प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से कथावाचन करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 16 मार्च को कलश यात्रा के साथ हुई। कार्यक्रम का समापन 22 मार्च को शंखचूड़ वध, शिव के अवतारों का वर्णन, द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा, हवन पूर्णाहूति के साथ होगा।

### ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 26 तक कर सकते हैं आवेदन

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2024–25 हेतु कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक-स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन की तिथि 19 मार्च से 26 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई है। वहीं, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक 19 से 28 मार्च एवं सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि 19 से 30 मार्च तक की जा सकती है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि शासकीय या अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत बालोद जिले के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्याथएँ निर्धारित तिथि तक अपना ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### 5 दुकानों में लगी आग



**भिलाई।** अचानक पांच दुकानों में आग लगने से हडकंप मच गया। घटना गांधी चौक हटरी बाजार दुर्ग का है। जहां शनिवार आधी रात दुकानों में भीषण आग लग गई। आग लगने से पांच दुकानों का सारा सामान जलकर खाक हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक हटरी बाजार में आगजनी हुई। जब आग फैलने लगा तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने पर आधे घंटे बाद मौके पर टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। आगजनी के पहले का एक सीसी टीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे बदमाश आग लगा रहा है। इस आगजनी से लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगी उनमें से चार दुकानें जूते-चप्पल और एक इलेक्ट्रिकल शॉप की है। स्थानीय व्यापारियों के मुताबिक यहां आधी रात के बाद नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। कुछ बदमाश यहां कचरा जला रहे थे। इस दौरान पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी ने उन्हें वहां से खदेड़ा था। सीसी टीवी फुटेज में जो दिख रहा है।

**आयोजन :** समाधान महाविद्यालय में हुआ जीवन विद्या क्षेत्रीय सम्मेलन, वक्ताओं ने दी राय

# व्यक्ति को अपने विचारों व मानसिकता का मूल्यांकन करना चाहिए : सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय में दो दिवसीय जीवन विद्या क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन 15 और 16 मार्च को किया गया। इस सम्मेलन में मूल्य शिक्षा, चेतना विकास, मध्यस्थ-दर्शन और मानवीय जीवन के वास्तविक उद्देश्यों पर गहन चर्चा हुई। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के 12 जिलों से आए प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस सम्मेलन में अभिभावक विद्यालय एवं अभ्युदय संस्थान अछोटी, प्रेरणा विद्यालय, मानव तीर्थ किरीतपुर, समाधान महाविद्यालय बेमेतरा, अभिभावक विद्यालय रायपुर, अभिभावक विद्यालय उत्सवपारा (सांकरी, गुण्डरदेही), मानवीय शिक्षा शोध केंद्र (तेंदुवाही, महासमुंद), जागृति सेवा केंद्र (बुलाकी, रायगढ़), समाधान एकेडमी (बोडरा, धमतरी), स्वराज्य परिसर परिवार समूह (बीजाभाट, बेमेतरा), परिवार समूह केंद्र (आंवरी, चारामा), राजनांदगांव, पेंड्रा, सुहेला, धमतरी, पाली, कटघोरा और बिलासपुर से आए लोग शामिल हुए।

समारोह के प्रारंभ में कल्पेश वरु ने मध्यस्थ-दर्शन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दर्शन व्यक्ति को जीवन के वास्तविक मूल्यों की पहचान कराता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. संकेत ठाकुर ने बताया कि मध्यस्थ-दर्शन का ज्ञान श्रद्धेय बाबा ए. नागराज को साधना विधि से प्राप्त हुआ और यह समाज में परिवार मूलक स्वराज्य व्यवस्था स्थापित करने का मार्ग दिखाता है। सुरेंद्र पाल ने जीवन विद्या के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि व्यक्ति को अपने विचारों और मानसिकता का मूल्यांकन करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थ-दर्शन का प्रचार-प्रसार तभी सार्थक होगा जब लोग इसे अपने जीवन में अपनाकर प्रमाणित आचरण प्रस्तुत करें। अनीता शाह ने सार्थक संवाद की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि व्यक्ति को अपने विचारों को स्नेहिल भाषा में व्यक्त करना चाहिए। सही भाषा समाज में संबंधों की पूरकता को सुनिश्चित करने में सहायक होती है। इनके अलावा निताशा त्यागी, पूनम साहू, एवं बसंत साहू ने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन के अंतिम दिन जीना उत्सव विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अनामिका वरु, डॉ. संकेत ठाकुर और अंकित पोगुला ने प्रबोधक के रूप में अपनी बात रखी। कार्यशाला में विशेष रूप से बेमेतरा शहर के गणमान्य नागरिक, समृद्धि विहार कॉलोनी के सदस्य, ग्राम फरी के सरपंच एवं पंच और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। इस सम्मेलन में समाधान महाविद्यालय की अध्यक्ष डॉ. अलका तिवारी, डायरेक्टर अविनाश तिवारी, सहायक अध्यापक एवं कर्मचारीगण सहित जीवन विद्या के विभिन्न केंद्रों एवं परिवार समूहों के सदस्य उपस्थित रहे।

### मध्यस्थ-दर्शन की प्रासंगिकता को लेकर की गई चर्चा



#### प्राथमिकताओं और मूल्यों का स्पष्ट ज्ञान होना आवश्यक

सम्मेलन के दूसरे दिन गेंदलाल कोकड़िया ने लोकव्यापीकरण के लिए ज्ञान के दस्तावेजीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाधान, समृद्धि और अभयपूर्वक जीवन जीना ही वास्तविक प्रमाण है। इसके बाद, निष्ठा दीदी ने निर्णय लेने की क्षमता और सत्यापन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सही निर्णय लेने के लिए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताओं और मूल्यों का स्पष्ट ज्ञान होना

# बोरतरा में चला महिला-जन जल जागरूकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोक स्वास्थ्य विभाग ने बोरतरा में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत महिला-जन जल जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस जनसभा में जल बहनों, ग्राम जल स्वच्छता समिति और ग्रामीण महिलाओं को जल संरक्षण, पेयजल की महत्ता और जल जीवन मिशन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

- मिशन के विभिन्न पहलुओं की दी गई विस्तृत जानकारी
- महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया गया विशेष जोर

कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया, जिससे वे जल प्रबंधन में अधिक सक्रिय भागीदारी निभा सकें। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई तथा जल संरक्षण, जल संवर्धन और स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

#### जल संकट से बचने के लिए सामूहिक प्रयासों पर दिया बल

अभियान के दौरान उपस्थित महिलाओं को जल प्रबंधन में नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे अपने गांव में जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने में योगदान दे सकें। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने जल सरंक्षण के टिकाऊ उपायों पर चर्चा की और जल संकट से बचने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस अभियान के माध्यम से ग्रामवासियों में जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति चेतना बढ़ाने का प्रयास किया गया, जिससे समाज में जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा मिले।

## राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह के अध्यक्ष बने मिथिलेश



**नवागढ़।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 उप समिति नवागढ़ का त्रिवार्षिक चुनाव मंगल भवन नवागढ़ में उप समिति मारो के केंद्रीय पर्यवेक्षकगण ठाकुर अवधेश सिंह, ठाकुर चंद्रकांत, ठाकुर प्रमोद सिंह एवं ठाकुर रामशरण सिंह के निर्देशन में किया गया।

इस दौरान ठाकुर मिथिलेश सिंह बिसेन मिंटू को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष ठाकुर खुमेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष ठाकुर अजय सिंह भुवाल, सचिव ठाकुर टिकेंद्र सिंह, केंद्रीय निर्णायक सदस्य ठाकुर जवाहर सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर गणपत सिंह, उप सचिव ठाकुर गोविंद सिंह, उप समिति के कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर बलदाऊ सिंह, ठाकुर अजय सिंह, ठाकुर गणेश सिंह, ठाकुर अर्जुन सिंह, ठाकुर बहोरन सिंह, ठाकुर अजय सिंह, महिला मंडल अध्यक्ष निर्मला सिंह, महिला मंडल सचिव संगीता सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष ठाकुर सुनील सिंह, युवा मंडल सचिव ठाकुर सूरज सिंह को नियुक्त किया गया है।


## देउरगांव पहुंचीं रायपुर की महापौर मीनल, कुलदेवी का लिया आशीर्वाद

**देवकर।** राजधानी रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे सोमवार को अपनी एक दिवसीय यात्रा पर अपने गृह देउरगांव पहुंचीं। वहां उन्होंने अपनी कुलदेवी के दर्शन किए।

वहीं, नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने अपने स्वजनों से भी मुलाक़ात की। अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान महापौर मीनल चौबे नगर पंचायत देवकर भी पहुंचीं, जहाँ स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारियों एवं पार्षदों ने उनसे भेंट की। इस अवसर पर नगर पंचायत देवकर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश सीहोरे, पार्षद देवेश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन ताम्रकार जिला कोषाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ रावल जैन, राजू राजपूत, उनके स्वजन एवं परिवारिक लोगों में पन्ना चौबे, राजीव शर्मा, विजय चौबे, सानू चौबे, विकास चौबे, रौनक पाण्डेय ने भी उन्हें जीत की बधाई दी।



## नपं अध्यक्ष सिहोरे के साथ सांसद बघेल के निवास पहुंचे जनप्रतिनिधि



**बेमेतरा/देवकर।** क्षेत्रीय सांसद विजय बघेल के जन्मदिन पर देवकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने उनके भिलाई स्थित निवास पहुंच कर बधाई दी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे की अगुवाई में पार्षद व समर्थक निवास स्थान पर सांसद विजय बघेल से केक कटवाए और फूलमाला पहना कर शुभकामनाएं दीं। इसके पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे व साथियों ने देवकर नगर में लोगों को फल व मिठाई का वितरण कर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर जितेंद्र राजपूत, मोहन जैन, अतुल गुप्ता, विमलेश द्विवेदी, जय कुंजाम, युवराज अग्रवाल, श्रवण राजपूत, विशाल अग्रवाल, अजय सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जुन्नापानी में मनाया गया धुर त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



वनांचल के ग्राम जुन्नापानी में होली पर्व के दूसरे दिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूर त्यौहार मनाया गया। ग्राम में बरसों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए समस्त ग्राम वासियों के द्वारा धूर त्यौहार मनाया गया। गांव में यह एक अनूठी संस्कृति है यहां स्थित मां दंतेश्वरी होली पर्व के दिन रात्रि में 12 गांवो में देवी के रुप में होली खेलने निकलती है। साथ में पूरे गांव के लोग नाचते कूदते हुए मां के साथ चलते हैं।

ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि सर्वप्रथम ग्राम भर्रीटोला में माता जी का पदार्पण होता है। उसके बाद अंचल के 12 गांवों में अनवरत 36 घंटे होली खेलते हुए तीसरे दिन गांव वापस आते हैं, फिर गांव के प्रत्येक घरों में माता जी जाती है। सभी ग्रामवासी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना कर माता जी के साथ होली खेलते हैं। ग्राम जुन्नापानी में धूर त्यौहार का आनंद लेने के लिए अंचल के बहुत से ग्रामों के लोग यहां आते हैं। माता जी के साथ होली खेलने का आनंद लेते हैं। इस पांच दिवसीय धूर त्यौहार का संचालन, समिति के माध्यम से होता है। समिति के संरक्षक ग्राम पटेल चंद्रशेखर सुकतेल, अध्यक्ष बृजलाल पांवरे, कोषाध्यक्ष विरेंद्र सलामे, सचिव ओम प्रकाश यादव, सदस्य मदन खांडेकर, हरिराम साहू, रविंद्र उर्वशा, अंगद राम शांडिल्य, रूप राम यादव, भागीरथी यादव है। उक्त जानकारी समिति के सचिव ओम प्रकाश यादव ने दी।

**होली के उत्साह में सराबोर हुआ विधायक निवास**

## होली की उमंग में थिरके शहरवासी विधायक दीपेश ने बजाया नगाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रंगों के महापर्व होली के अवसर पर विधायक निवास बेमेतरा में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया।

हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और गुलाल लगाकर एक-दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएँ दीं। सभी की आँखों में खुशी और चेहरे पर रंगों की चमक साफ झलक रही थी। चारों तरफ होली गीतों की धुनों पर नाचते-गाते क्षेत्रवासियों के बीच माहौल पूरी तरह रंगमय हो गया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने समस्त क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली रंगों का नहीं, दिलों को जोड़ने का पर्व है। होली त्यौहार हमारे जीवन मे नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करने वाला पर्व है यह त्यौहार हमें सिखाता है की जीवन मे प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे के रंग सबसे अनमोल है इस अवसर पर हमें सभी पुराने गिले-शिकवे भुलाकर आपसी प्रेम और सद्भाव का संकल्प लेना चाहिए।



#### मस्ती में डूबकर पर्व का उठाया आनंद

कार्यक्रम में दीनानाथ साहू, देवराम साहू, नवनिर्वाचित सरपंच, जनपद सदस्यगण, विधायक कार्यालय स्टाफ के साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाइयाँ खिलाकर होली की बधाई दी। विधायक निवास पर आयोजित यह होली मिलन समारोह के दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मस्ती में डूबकर पर्व का आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिष्ठान और जलपान भी कराया गया। पूरा माहौल प्रेम, सौहार्द्र और रंगों से सराबोर हो गया।

## गृह प्रवेश उत्सव इसी माह की 30 को

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला पंचायत में जिले के सभी विकासखण्डों में चलाए जा रहे आवास पखवाड़ा की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ डॉ. कन्नौजे ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों को आवास प्लस सर्वे 2024 के सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शासन के मंशानुसार 30 मार्च 2025 को वृहद स्तर पर गृह प्रवेश उत्सव आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024–25 के समस्त निर्माणाधीन आवासों का स्तरवार एवं ग्राम पंचायतवार एक विशेष कार्ययोजना बनाकर निर्धारित समयावधि में 90 मानव दिवस की राशि प्रदान करने उपरांत उक्त आवासों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रथम किश्त अंतरण पश्चात अप्रारंभ 1152 आवासों के लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र आवास निर्माण प्रारंभ कर निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु संबंधितो को निर्देश दिए। योजनान्तर्गत वित्तीय 2024–25 के द्वितीय फेस में आबंटित अतिरिक्त लक्ष्य 8952 के विरूद्ध में यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर 30 मार्च 2025 तक स्वीकृति एवं प्रथम किश्त की राशि प्रदान करने के निर्देश दिए।

**ग्राम पंचायत पांगरी के ग्रामीणों ने की जांच व कार्रवाई की मांग**

## चारागाह के लिए दान की गई भूमि पर कब्जे की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम पंचायत पांगरी में पूर्वजों द्वारा मवेशियों के लिए अपनी जमीन चारागाह के लिए दान की गई थी, ताकि ग्रामीणों के लिए व्यवस्था बनी रहे, लेकिन आरोप है कि गांव के बहुर सिंह, मेघनाथ राधेश्याम ने मिलकर गलत तरीके से और जालसाजी करके उक्त दान की चारागाह जमीन पटवारी हल्का नं 11 खसरा नं 668 को हड़पना चाह रहे हैं जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

- जिला कलेक्टर व गुण्डरदेही एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

इन्ही मुद्दों को लेकर सैकड़ों ग्रामीण ने विगत दिनों जिला कलेक्टर व गुण्डरदेही एसडीएम से मिलकर लिखित शिकायत कर व जांच व कार्यवाई की मांग की।



ग्रामीणों ने बताया कि पूर्वजों द्वारा दान की गई जमीन पर शासकीय रिकार्ड के मुताबिक 80 से 85 लोगों का नाम है, जो कि असल मालिकाना है। लेकिन गांव के कुछ असामाजिक तत्व के लोग उक्त दान की भूमि को हड़पना चाह रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि चारागाह के लिए गांव के 80 से 85 लोगों ने पूर्व में जमीन दान की थी, लेकिन उक्त चारागाह भूमि रिकार्ड में केवल 4 से 6 परिवार के लोगों का ही नाम है और बाकी लोगों का नाम शासकीय रिकार्ड से गायब है।

ग्रामीणों ने कहा कि आखिर शासकीय दस्तावेज से किसने छेड़छाड़ की है और कैसे केवल कुछ ही लोग इस जमीन के मालिक बन गए, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर हम लोगों ने पिछली बार गुण्डरदेही तहसीलदार को भी आवेदन देकर ध्यानाकर्षक कराया गया था, लेकिन तहसीलदार ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया, इसकी जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। हम ग्रामीणों ने उक्त दान की भूमि जो चारागाह के लिए चिन्हित है, उसे यथावत रखा जाए।

